**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4903**

**Series : SS-M/2020**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

**SET : A**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchapter.com

*सामान्य निर्देश :—*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) 'कार्यक्रम कैसा होना चाहिए' ? कैमरे में बंद अपाहिज पाठ के आधार पर बताइए :

(क) अद्भुत (ख) दिव्य

(ग) रोचक (घ) अलौकिक

(ii) 'अर्ध राति गई कपि नहिं आयउ' काव्यांश में किस पात्र के न आने का वर्णन है ?

(क) सुग्रीव (ख) मयंद

(ग) अंगद (घ) हनुमान

(iii) सीधी बात किसके चक्कर में फँस गई ?

(क) दर्शन के (ख) तर्कशास्त्र के

(ग) विज्ञान के (घ) भाषा के

(iv) कवि ने गरीबी को कैसा बताया है ?

(क) सुनहरी (ख) गरबीली

(ग) रंगीन (घ) जोशीली



Downloaded from cclchapter.com

(v) 'निराला' ने अट्टालिकाओं को क्या कहा है ?

(क) अजायबघर (ख) आतंक भवन

(ग) योग भवन (घ) व्यायामशाला

(vi) लुटते रहने से क्या जरा भी कम नहीं होती ?

(क) सम्पत्ति (ख) रसधारा

(ग) जिज्ञासा (घ) औषधि

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

नील जल में या
किसी की गौर, झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो
और
जादू टूटता है इस उषा का अब
सूर्योदय हो रहा है।

**अथवा**

जीर्ण बाहु है शीर्ण शरीर
तुझे बुलाता कृषक अधीर,
ऐ विप्लव के वीर !
चूस लिया है उसका सार,
हाड़-मात्र ही है आधार,
हे जीवन के पारावार !



Downloaded from cclchapter.com

**3.** हरिवंश राय बच्चन ***अथवा*** उमाशंकर जोशी के जीवन, साहित्य एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

छोटा मेरा खेत चौकोना

कागज़ का एक पन्ना

कोई अंधड़ कहीं से आया

क्षण का बीज वहाँ बोया गया।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) भोर के नभ को राख से लीपा गया चौका क्यों कहा गया है ?

(ख) 'जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास' — कपास से बच्चों का क्या सम्बन्ध है ?

(ग) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' पंक्ति की आवृत्ति से कविता की किस विशेषता का पता चलता है ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 7 = 7

(i) भक्तिन कहाँ की रहने वाली थी ?

(क) झाँसी (ख) हाँसी

(ग) झूँसी (घ) हुँसी



Downloaded from cclchapter.com

(ii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में 'बोल गंगा मैया की जय' का पहला नारा कौन लगाता था ?

(क) मेंढक मण्डली (ख) जीजी

(ग) पुजारी (घ) गली मोहल्ले वाले

(iii) सफिया की माँ सफेद बारीक मलमल का दुपट्टा कब ओढ़ा करती थी ?

(क) ईद पर (ख) रक्षाबन्धन पर

(ग) मुहर्रम पर (घ) होली पर

(iv) लुट्टन पहलवान ने चाँद सिंह को कहाँ के दंगल में हराया ?

(क) जामनगर (ख) श्यामनगर

(ग) भावनगर (घ) चाँदनगर

(v) चार्ली चैप्लिन की कला ने कितनी पीढ़ियों को मुग्ध किया है ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

(vi) उमस और लू में कौन-सा पेड़ कालजयी अवधूत की भाँति अजेय है ?

(क) पलाश (ख) शिरीष

(ग) गुलाब (घ) गुलमोहर

(vii) लेखक ने कवि बनने के लिए क्या बनना आवश्यक माना है ?

(क) सुखी (ख) दुखी

(ग) फक्कड़ (घ) विद्वान



Downloaded from cclchapter.com

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

शिरीष वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर है। गाँधी जी भी वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर हो सका था। मैं जब-जब शिरीष की ओर देखता हूँ तब-तब हूक उठती है – हाय, वह अवधूत आज कहाँ है !

**अथवा**

चार्ली की अधिकांश फिल्में भाषा का इस्तेमाल नहीं करतीं इसलिए उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा मानवीय होना पड़ा। सवाक् चित्रपट पर कई बड़े-बड़े कॉमेडियन हुए हैं, लेकिन वे चार्ली की सार्वभौमिकता तक क्यों नहीं पहुँच पाए इसकी पड़ताल अभी होने को है। चार्ली का चिर युवा होना या बच्चों-जैसा दिखना एक विशेषता तो है ही, सबसे बड़ी विशेषता शायद यह है कि वे किसी भी संस्कृति को विदेशी नहीं लगते।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) पहलवान की ढोलक का पूरे गाँव पर क्या असर पड़ता था ? 2

(ग) भक्तिन के चरित्र की किन्हीं ***चार*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

**9.** ***'वितान' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) यशोधर बाबू की कहानी को दिशा देने में किशनदा की क्या भूमिका रही है ?



Downloaded from cclchapter.com

(ख) 'जूझ' पाठ में बचपन में लेखक के मन में पढ़ने के प्रति क्या विचार थे ?

(ग) मोहनजोदड़ो के अजायबघर में क्या-क्या रखा हुआ था ?

(घ) ऐन ने अपने थैले में क्या-क्या भरा और क्यों ?

(ङ) अज्ञातवास के दौरान टर्की से सम्बंधित वह कौन-सी अफवाह थी जिसे सुनकर ऐन के परिवार का उत्साह बढ़ गया था ?

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) भारत में पहला छापाखाना कहाँ खोला गया ?

(ii) रंगमंच किस साहित्यिक विधा में आवश्यक है ?

(iii) टेलीविजन में 'लाइव' का क्या अर्थ है ?

(iv) इंटरव्यू के लिए हिन्दी शब्द क्या है ?

(v) पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

(ख) किसी कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय दृश्य विभाजन कैसे किया जाता है ? 5

**अथवा**

कविता के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए।

(ग) समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए। 5



Downloaded from cclchapter.com

**अथवा**

परीक्षा को लेकर अध्यापक और शिष्य के बीच संवादों को लिखिए।

**11.** (क) (i) स्वर सन्धि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित की संधि कीजिए : 1

उत् + डयन

(ख) (i) अव्ययीभाव समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1

दोपहर

(ग) मानवीकरण अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(घ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) मुझे अनेकों भाषाओं का ज्ञान है।

(ii) वह सज्जन पुरुष है।



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 4903**

**Series : SS-M/2020**

*रोल नं०* ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ ***SET : B***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchapter.com

*सामान्य निर्देश :—*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) 'मुझसे मिलने को कौन विकल' – दिन जल्दी-जल्दी ढलता है गीत का यह प्रश्न उर में क्या भरता है ?

(क) शिथिलता (ख) चंचलता

(ग) विह्वलता (घ) उपर्युक्त सभी

(ii) 'पतंग' कविता में खरगोश की आँखों जैसा किसे कहा गया है ?

(क) लाल सवेरा (ख) बौछार

(ग) साइकिल (घ) सूर्य

(iii) भाषा के क्या करने से बात और अधिक पेचीदा हो गई ?

(क) तोड़ने-मरोड़ने (ख) उलटने-पलटने

(ग) घुमाने-फिराने (घ) उपर्युक्त सभी

(iv) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में दूरदर्शन कर्मियों की किस मनोवृत्ति को दर्शाया गया है ?

(क) संवेदनशीलता (ख) संवेदनहीनता

(ग) दुर्बलता (घ) करुणा



Downloaded from cclchapter.com

(v) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता के अनुसार ममता के बादल की मँडराती कोमलता कहाँ पिराती है ?

(क) बाहर (ख) भीतर

(ग) चारों तरफ (घ) सर्वत्र

(vi) लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर सामान्य मनुष्य की तरह कौन विलाप करने लगता है ?

(क) राम (ख) भरत

(ग) वानर (घ) सीता

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास
पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास
जब वे दौड़ते हैं बेसुध
छतों को भी नरम बनाते हुए
दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए।

**अथवा**

कथा कही सब तेहि अभिमानी। जेहि प्रकार सीता हरि आनी।।
तात कपिन्ह सब निशिचर मारे। महा महा जोधा संघारे।।
दुर्मुख, सुररिपु मनुज अहारी। भट अतिकाय अकंपन भारी।
अपर महोदर आदिक बीरा। परे समर महि सब रनधीरा।।



Downloaded from cclchapter.com

**3.** हरिवंश राय बच्चन ***अथवा*** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के जीवन, रचनाओं एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

तारे आँखें झपकावें हैं ज़र्रा-ज़र्रा सोये हैं
तुम भी सुनो हो यारो ! शब में सन्नाटे कुछ बोले हैं।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'बगुलों के पंख' कविता में कवि किसे रोकना चाहता है और क्यों ?

(ख) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) किन उपमानों को देखकर पता चलता है कि 'उषा' कविता गाँव की सुबह का गतिशील शब्दचित्र है ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 7 = 7

(i) पति की मृत्यु के समय भक्तिन (लछमिन) की आयु कितने वर्ष थी ?

(क) 26 वर्ष (ख) 29 वर्ष
(ग) 36 वर्ष (घ) 39 वर्ष

(ii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को कुमार-सुधार सभा का कौन-सा पद दिया गया ?

(क) मंत्री (ख) महामंत्री
(ग) उपमंत्री (घ) सहमंत्री



Downloaded from cclchapter.com

(iii) लुट्टन पहलवान अपने दोनों हाथों को दोनों ओर कितनी डिग्री की दूरी पर फैलाकर चलने लगा था ?

(क) 30 डिग्री (ख) 45 डिग्री

(ग) 60 डिग्री (घ) 75 डिग्री

(iv) चार्ली चैप्लिन ने फिल्म कला को क्या बनाया ?

(क) गणतांत्रिक (ख) लोकतांत्रिक

(ग) साम्राज्यवादी (घ) निरंकुशवादी

(v) हिन्दुस्तानी कस्टम अफसर का क्या नाम था ?

(क) अनिल दास गुप्त (ख) सुनील दास गुप्त

(ग) नरेश दास गुप्त (घ) सुरेश दास गुप्त

(vi) लेखक ने कवि बनने के लिए क्या बनना आवश्यक माना है ?

(क) सुखी (ख) धनी

(ग) फक्कड़ (घ) विद्वान

(vii) जाति-प्रथा मनुष्य की स्वाभाविक प्रेरणा, रुचि व आत्मशक्ति को दबाकर उसे क्या बना देती है ?

(क) सक्रिय (ख) निष्क्रिय

(ग) गतिशील (घ) कर्मशील



Downloaded from cclchapter.com

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

सियारों का क्रन्दन और पेचक की डरावनी आवाज कभी-कभी निस्तब्धता को अवश्य भंग कर देती थी। गाँव की झोपड़ियों से कराहने और कै करने की आवाज, 'हरे राम ! हे भगवान !' की टेर अवश्य सुनाई पड़ती थी। बच्चे भी कभी-कभी निर्बल कंठों से 'माँ-माँ' पुकारकर रो पड़ते थे। पर इससे रात्रि की निस्तब्धता में विशेष बाधा नहीं पड़ती थी।

**अथवा**

यह विडंबना की ही बात है कि इस युग में भी 'जातिवाद' के पोषकों की कमी नहीं है। इसके पोषक कई आधारों पर इसका समर्थन करते हैं। समर्थन का एक आधार यह कहा जाता है कि आधुनिक सभ्य समाज 'कार्य-कुशलता' के लिए श्रम विभाजन को आवश्यक मानता है, और चूंकि जाति-प्रथा भी श्रम विभाजन का ही दूसरा रूप है इसलिए इसमें कोई बुराई नहीं है।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जीवन की जद्दोजहद ने चार्ली के व्यक्तित्व को कैसे सम्पन्न बनाया ? 4

(ख) नमक ले जाने के बारे में सफिया के मन में उठे द्वंद्वों के आधार पर उसकी चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 2

(ग) 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2



Downloaded from cclchapter.com

**9.** ***'वितान' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) समय के साथ ढल सकने में यशोधर बाबू असफल कैसे होते हैं ?

(ख) 'जूझ' पाठ में खेत में काम करते समय लेखक का अकेलापन कैसे दूर हो गया था ?

(ग) श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) मोहनजोदड़ो में जल-निकासी की व्यवस्था किस प्रकार की गई थी ?

(ङ) 'कॉलेज ऑफ प्रीस्टस' किसे कहा गया है ? इसका निर्माण क्यों हुआ होगा ?

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) भारत में इन्टरनेट का प्रारंभ कब हुआ ?

(ii) कहानी का केन्द्र बिन्दु क्या है ?

(iii) ऑल इण्डिया रेडियो की स्थापना कब हुई ?

(iv) समाचार लेखन में किस शैली का प्रयोग करते हैं ?

(v) छापेखाने का आविष्कार किसने किया था ?



Downloaded from cclchapter.com

(ख) दृश्य-श्रव्य माध्यमों की तुलना में श्रव्य-माध्यमों की क्या सीमाएँ हैं ? इन सीमाओं को किस तरह पूरा किया जा सकता है ? 5

**अथवा**

समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) फीचर से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ?5

**अथवा**

कविता के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए।

**11.** (क) (i) व्यंजन सन्धि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित की संधि कीजिए : 1

सदा + एव

(ख) (i) द्विगु समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1

पंजाब

(ग) उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(घ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) मंत्री जी ने सरकार की उपलब्धता गिनवाई।

(ii) 'पंच परमेश्वर' सोद्देश्यपूर्ण कहानी है।



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4903**

**Series : SS-M/2020**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

**SET : C**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchapter.com

*सामान्य निर्देश :—*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) पतंग कविता में कपास किसका प्रतीक है ?

(क) प्रकाश (ख) कोमलता

(ग) सफेदी (घ) गरमाहट

(ii) 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में किसकी कविता है ?

(क) क्रूरता (ख) दया

(ग) ममता (घ) प्रेम

(iii) 'पाताली अंधेरे की गुहाओं के विवरों में' – यहाँ 'विवरों' का अर्थ है :

(क) बादल (ख) बिल

(ग) गुफा (घ) शिविर

(iv) क्रांति के बादलों की गर्जना सुनकर कौन-सा वर्ग भयभीत होता है ?

(क) निम्न वर्ग (ख) श्रमिक वर्ग

(ग) पूँजीपति वर्ग (घ) शोषित वर्ग



Downloaded from cclchapter.com

(v) कवि ने अभिव्यक्ति रूपी बीज किस पर बोया था ?

(क) कागज के पृष्ठ पर (ख) आँगन में

(ग) खेत में (घ) छत पर

(vi) 'सदके फ़िराक एज़ाज़े-सुखन के कैसे उड़ाली ये आवाज़' – पंक्ति में भाषा कौन-सी है ?

(क) तत्समप्रधान (ख) उर्दू फ़ारसी

(ग) तद्भवप्रधान (घ) ब्रजभाषा

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनि करिबर कर हीना।।
अस मम जिवन बंधु बिनु तोही। जौं जड़ दैव जिआवै मोही।।
जैहउँ अवध कवन मुँह लाई। नारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई।
बरु अपजस सहतेउँ जग माहीं। नारि हानि बिसेष छति नाहीं।।

**अथवा**

नील जल में या
किसी की गौर, झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो
और
जादू टूटता है इस उषा का अब
सूर्योदय हो रहा है।



Downloaded from cclchapter.com

**3.** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ***अथवा*** उमाशंकर जोशी के जीवन, साहित्य एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झाँक रहे होंगे
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी चंचलता है
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'पतंग' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'बादल राग' कविता में 'अस्थिर सुख पर दुःख की छाया' पंक्ति में दुख की छाया किसे कहा गया है और क्यों ?

(ग) 'बगुलों के पंख' कविता में कवि किसे रोकना चाहता है और क्यों ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 7 = 7

(i) सेवक धर्म में भक्तिन किससे स्पर्द्धा करने वाली थी ?

(क) सुग्रीव (ख) लक्ष्मण
(ग) शबरी (घ) हनुमान

(ii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को किस सभा का उपमंत्री बनाया गया ?

(क) आर्य समाज (ख) ग्राम सुधार
(ग) विधान सभा (घ) कुमार-सुधार सभा



Downloaded from cclchapter.com

(iii) फ्रांसीसी क्रांति में कौन-सा शब्द विवाद का विषय रहा ?

(क) राजतंत्र (ख) प्रजातंत्र

(ग) समता (घ) भाई-चारा

(iv) पुराने फलों को अपने स्थान से न हटते देखकर कवि को किसकी याद आती है ?

(क) नेताओं की (ख) बुजुर्गों की

(ग) महात्मा गाँधी की (घ) कालिदास की

(v) लुट्टनसिंह ने दूसरे किस नामी पहलवान को पटककर हरा दिया था ?

(क) अफजल खाँ (ख) काला खाँ

(ग) अब्दुल खाँ (घ) कल्लू खाँ

(vi) लेखक ने 'बाजार दर्शन' पाठ में चूरन वाले को 'अकिंचित्कर' कहा है, जिसका अर्थ है :

(क) ठग (ख) भिखारी

(ग) अर्थहीन (घ) व्यापारी

(vii) शिरीष के फूल को संस्कृत साहित्य में कैसा माना गया है ?

(क) सख्त (ख) कोमल

(ग) मजबूत (घ) कठोर



Downloaded from cclchapter.com

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

उन्होंने पुड़िया को धीरे से अपनी तरफ सरकाना शुरू किया। जब सफिया की बात खत्म हो गई तब उन्होंने पुड़िया को दोनों हाथों में उठाया, अच्छी तरह लपेटा और खुद सफिया के बैग में रख दिया। बैग सफिया को देते हुए बोले "मुहब्बत तो कस्टम से इस तरह गुजर जाती है कि कानून हैरान रह जाता है।"

**अथवा**

शिरीष वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर है। गाँधी भी वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर हो सका था। मैं जब-जब शिरीष की ओर देखता हूँ तब-तब हूक उठती है – हाय, वह अवधूत आज कहाँ है !

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जीवन की जद्दोजहद ने चार्ली के जीवन को कैसे सम्पन्न बनाया ? 4

(ख) पहलवान की ढोलक का पूरे गाँव पर क्या असर पड़ता था ? 2

(ग) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहातिन कैसे हो गईं ? 2



Downloaded from cclchapter.com

**9.** ***'वितान' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) किशनदा का बुढ़ापा सुख से क्यों नहीं बीता ?

(ख) 'जूझ' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए कि आनन्दा एक जुझारू बालक है ?

(ग) ऐन की अज्ञातवास के समय क्या-क्या रुचियाँ थीं ?

(घ) वर्तमान में सिंधु सभ्यता को किस रूप में देखा और महसूस किया जा सकता है ?

(ङ) श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) उल्टा पिरामिड शैली को कितने हिस्सों में बाँटा जाता है ? नाम भी लिखिए।

(ii) सर्वाधिक खर्चीला जनसंचार माध्यम क्या है ?

(iii) सांकेतिक संचार किसे कहते हैं ?

(iv) रेडियो नाटक किस प्रकार का माध्यम है ?

(v) पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

(ख) विशेष लेखन से क्या तात्पर्य है ? यह क्यों लिखा जाता है ? 5



Downloaded from cclchapter.com

**अथवा**

फीचर से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ?

(ग) कविता के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए। 5

**अथवा**

'कटते जंगल' विषय पर एक आलेख लिखिए।

**11.** (क) (i) विसर्ग सन्धि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 1

पावक

(ख) (i) द्वंद्व समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1

दशानन

(ग) उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(घ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) जवाहर लाल नेहरू का सदा देश आभारी रहेगा।

(ii) भैंस का ताकतवर दूध होता है।



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4903**

**Series : SS-M/2020**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

**SET : D**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchapter.com

*सामान्य निर्देश :—*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) दिन ढलने के साथ ही बच्चे कहाँ से झाँकने लगे होंगे ?

(क) पेड़ों से (ख) नीड़ों से

(ग) घरों से (घ) खेतों से

(ii) 'पतंग' उड़ाते बच्चे को महज एक धागे के सहारे कौन थाम लेती है ?

(क) पतंगों की ऊँचाइयाँ (ख) सीढ़ियाँ

(ग) मुंडेर (घ) रोमांचित शरीर का संगीत

(iii) बात कवि के साथ किसके समान खेल रही थी ?

(क) पेंच (ख) खिलौने

(ग) भाषा (घ) बच्चे

(iv) लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर सामान्य मनुष्य की तरह कौन विलाप करने लगता है ?

(क) राम (ख) भरत

(ग) वानर (घ) लक्ष्मण



Downloaded from cclchapter.com

(v) कवि ने अभिव्यक्ति रूपी बीज किस पर बोया था ?

(क) कागज़ के पृष्ठ पर (ख) आँगन में

(ग) खेत में (घ) छत पर

(vi) नींद से जागा हुआ कुंभकर्ण क्या लग रहा था ?

(क) देवता (ख) यमराज

(ग) दानव (घ) पहाड़

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास
पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास
जब वे दौड़ते हैं बेसुध
छतों को भी नरम बनाते हुए
दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए।

**अथवा**

जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनि करिबर कर हीना।।
अस मम जिवन बंधु बिनु तोही। जौं जड़ दैव जिआवै मोही।।
जैहउँ अवध कवन मुँह लाई। नारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई।
बरु अपजस सहतेउँ जग माहीं। नारि हानि बिसेष छति नाहीं।।

**3.** हरिवंश राय बच्चन ***अथवा*** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के जीवन, रचनाओं व भाषा-शैली का परिचय दीजिए। 4



Downloaded from cclchapter.com

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज़ का एक पन्ना
कोई अंधड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) ''कैमरे में बंद अपाहिज करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है'' – स्पष्ट कीजिए।

(ख) सूर्योदय से उषा का कौन-सा-जादू टूट जाता है ?

(ग) 'विप्लव रव से छोटे ही हैं शोभा पाते' - पंक्ति में कवि क्या स्पष्ट करना चाहता है ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 7 = 7

(i) भक्तिन का शरीर कैसा था ?

(क) मोटा (ख) लम्बा
(ग) दुबला (घ) चौड़ा

(ii) बाज़ार के जादू को कौन-सी इन्द्रिय पकड़ती है ?

(क) आँख (ख) जीभ
(ग) नाक (घ) कान

(iii) चार्ली चैप्लिन की एक पहचान का नाम है :

(क) नागवंशी (ख) यहूदीवंशी
(ग) भृगुवंशी (घ) अग्निवंशी



Downloaded from cclchapter.com

(iv) आधुनिक युग में विडम्बना की बात क्या है ?

(क) साम्यवाद (ख) जातिवाद

(ग) प्रयोगवाद (घ) अद्वैतवाद

(v) 'नमक' कहानी में सबसे अच्छा डाभ कहाँ का बताया गया है ?

(क) कलकत्ता का (ख) राँची का

(ग) मथुरा का (घ) ढाका का

(vi) जैनेन्द्र कुमार के मित्र ने बाजार को क्या संज्ञा दी है ?

(क) शैतान का जाल (ख) जी का जंजाल

(ग) आफत का घर (घ) आँखों का भ्रम

(vii) आदर्श समाज की क्या विशेषता है ?

(क) विघटन (ख) अलगाव

(ग) गतिशीलता (घ) विद्वेष

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

सियारों का क्रन्दन और पेचक की डरावनी आवाज कभी-कभी निस्तब्धता को अवश्य भंग कर देती थी। गाँव की झोपड़ियों से कराहने और कै करने की आवाज, 'हरे राम ! हे भगवान !' की टेर अवश्य सुनाई पड़ती थी। बच्चे भी कभी-कभी निर्बल कंठों से



Downloaded from cclchapter.com

माँ-माँ पुकारकर रो पड़ते थे। पर इससे रात्रि की निस्तब्धता में विशेष बाधा नहीं पड़ती थी।

**अथवा**

यह विडम्बना की ही बात है कि इस युग में भी 'जातिवाद' के पोषकों की कमी नहीं है। इसके पोषक कई आधारों पर इसका समर्थन करते हैं। समर्थन का एक आधार यह कहा जाता है कि आधुनिक सभ्य समाज 'कार्य-कुशलता' के लिए श्रम विभाजन को आवश्यक मानता है, और चूँकि जाति-प्रथा भी श्रम विभाजन का ही दूसरा रूप है इसलिए इसमें कोई बुराई नहीं है।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) नमक ले जाने के बारे में सफिया के मन में उठे द्वंद्वों के आधार पर उसकी चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 4

(ख) भक्तिन के आ जाने से महादेवी वर्मा और भी देहातिन कैसे हो गईं ? 2

(ग) हृदय की कोमलता को बचाने के लिए व्यवहार की कठोरता भी कभी-कभी जरूरी हो जाती है। 'शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर बताइए। 2



Downloaded from cclchapter.com

**9.** ***'वितान' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) यशोधर बाबू ने आजीवन अपना घर क्यों नहीं बनाया ?

(ख) यशोधर बाबू को भूषण ने उपहार देते समय क्या कहा और उन्हें यह सब कैसा लगा ?

(ग) 'जूझ' पाठ में बचपन में लेखक के मन में पढ़ने के प्रति क्या विचार थे ?

(घ) ऐन ने अपने थैले में क्या-क्या भरा और क्यों ?

(ङ) 'कॉलेज ऑफ प्रीस्टस' किसे कहा गया है ? इसका निर्माण क्यों हुआ होगा ?

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) किसी समाचार संगठन के लिए निश्चित मानदेय के आधार पर काम करने वाले पत्रकार को क्या कहते हैं ?

(ii) मीडिया की भाषा में 'बीट' किसे कहते हैं ?

(iii) रेडियो नाटक किस प्रकार का माध्यम है ?

(iv) समाचार लेखन में किस शैली का प्रयोग होता है ?

(v) ऑल इण्डिया रेडियो की स्थापना कब हुई ?



Downloaded from cclchapter.com

(ख) कविता के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए। 5

**अथवा**

समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'परीक्षा के दिन' विषय पर एक लेख लिखिए। 5

**अथवा**

फीचर से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ?

**11.** (क) (i) निम्नलिखित का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 1 + 1 = 2

एकैक, षण्मास

(ii) निम्नलिखित की सन्धि कीजिए : 1

यथा + इष्ट

(ख) (i) द्वंद्व समास की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2

(ii) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1

साफ-साफ

(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2

(घ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) छुट्टी होने तक पाठ को दोबारा दोहराते रहिये।

(ii) निराला की कुछ रचनाओं का प्रगतिवाद स्वर है।



Downloaded from cclchapter.com